ई-मेल द्वारा

संख्या 12015/20/2022-रा.भा.(त.क.)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
तकनीकी कक्ष

एनडीसीसी-II भवन, बी विंग,
चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 18/08/2025
19

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: अनुवाद टूल "कंठस्थ 2.0 "उन्नयन के संबंध में।**

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सी -डैक पुणे द्वारा विकसित कंठस्थ 2.0 (वेब एवं मोबाइल संस्करण) के उन्नयन की प्रक्रिया राजभाषा विभाग द्वारा की जा रही है। इसका उन्नत संस्करण 14 सितंबर 2025 को हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर लोकार्पित किया जाएगा।

2. कंठस्थ 2.0 पर पंजीकृत सभी प्रयोक्ताओं के डेटा को नए सर्वर पर स्थानांतरित किया जाना है जिसमें प्रयोक्ताओं की यूजर आई डी के साथ केवल लोकल एवं ग्लोबल टी. एम. (अनुवाद स्मृति) ही नए पोर्टल पर भेजी जाएगी। प्रयोक्ताओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट, फोल्डर तथा फाइलों को स्थानांतरित नही किया जा सकेगा।

3. कंठस्थ 2.0 पर पंजीकृत सभी प्रयोक्ताओं से अनुरोध है कि आपके खाते पर अनुवाद हेतु अपलोड की गई फाइलों कि यदि आपको आवश्यकता है तो उन्हें दिनांक 01 सितंबर 2025 तक डाऊनलोड कर संरक्षित कर लें । इसके बाद ये फाइलें सर्वर से हटा कर आपके डेटा को नए पोर्टल पर अपग्रेड किया जाएगा।

राधा

(राधा कत्याल नारंग )
निदेशक (तकनीकी)

**प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु :-**

1. कंठस्थ के सभी पंजीकृत प्रयोक्ता

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :-**

1. संयुक्त सचिव , राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव
2. कार्यकारी निदेशक , सी डैक पुणे